हनुमत कथा राम की होए

हनुमत डटे रहो आसन पर,
जब तक कथा राम की होए,
कथा राम की होए हनुमत कथा राम की होए,
हनुमत डटे रहो आसन पर,
जब तक कथा राम की होए॥

जब तक तेल रहे बाती में जगमग जगमग होए,
जब गया तेल पजर गई बाती घोर अंधेरा होए,
हनुमत डटे रहो आसन पर,
जब तक कथा राम की होए॥

सीता कह रही लक्ष्मण जी से प्यास लगी है मोए,
लक्ष्मण तो गए जल भरने को सीता गई हैं सोए,
हनुमत डटे रहो आसन पर,
जब तक कथा राम की होए॥

गौरा कह रही शिव शंकर से कथा सुना दो मोहे,
शिव शंकर तो कथा सुना रहे गोरा गई हैं सोए,
हनुमत डटे रहो आसन पर,
जब तक कथा राम की होए॥

चित्रकूट के घाट पर भई हुई संतन की भीड़,
तुलसीदास चंदन घिसे और तिलक करे रघुवीर,
हनुमत डटे रहो आसन पर,
जब तक कथा राम की होए॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26189/title/hanumat-katha-ram-ki-hoye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |